http://www.mpboardonline.com

# त्रैमासिक परीक्षा 2017
## कक्षा – 10वीं
## विषय–हिन्दी विशिष्ट

समय 3 घंटे — पूर्णांक 100

निर्देश:–

1. सभी प्रश्न पत्र अनिवार्य है।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।
3. आरंभ में दिए गये वस्तुनिष्ट प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।
4. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ट प्रश्न पत्र है प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक (1X5X5=25) निर्धारित है। प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक के लिए दो दो अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक के लिए तीन तीन अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के लिए चार चार अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 और 27 के लिए पांच पांच अंक निर्धारित है।
8. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक (7+3) निर्धारित है।

प्र. 1 दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1X5=5 अंक)

1. रसोई घर ...... समास का उदाहरण है (तत्पुरुष / कर्मधारय)
2. 'पहली चूक' पाठ की विद्या ........ है। (कहानी / व्यंग्य)
3. हिमालय की झीलों में कवि नागार्जुन ने ......... को तैरते देखा है। (बगुलों / हसों)
4. कवि तुलसीदास जी ...... के प्रमुख कवि है। (भक्ति काल / रीतिकाल)
5. माली आवत देखकर कलियन करी पुकार ...... अलंकार का उदाहरण है। (अतिश्योक्ति / अन्योक्ति)

प्र. 2 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5 अंक)

1. मीठे फूल का आनंद लेने वाला है–
   अ) गूगा ब) बहरा स) अंधा द) अपाहिज
2. विनय के पद लिखने वाले कवि हैं–
   अ) सूरदास ब) रैदास स) तुलसीदास द) रसखान
3. हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द किस नाम से जाने जाते हैं–
   अ) कविवर ब) राष्ट्रकवि स) उपन्यास सम्राठ द) दरबारी कवि
4. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद हैं–
   अ) 8 ब) 5 स) 3 द) 4
5. 'पुस्तकालय' शब्द का सन्धि विग्रह है–
   अ) पुस्तक+आलय ब) पुस्तक+लय स) पुस्त+कालय द) पुः+स्तकालय

प्र. 3 निम्नलिखित में से सत्य असत्य छाँटिए– (1X5=5 अंक)

अ) शात रस का स्थायी भाव निर्वेद है।
ब) रसात्मक वाक्य ही काव्य है।
स) परम्परा बनाम आधुनिकता की विद्या कहानी है।
द) पत्र लेखन गद्य की ही ऐक विधा है।
इ) सज्जन व्यक्ति से उसकी जाति नहीं पूछना चाहिए।

प्र. 4 सही जोड़ी बनाईऐ – (1X5=5 अंक)

| | क | | ख |
|---|---|---|---|
| 1 | सोए हुए बच्चे से | 1 | कठिन कार्य |
| 2 | मैं और मेरा देश | 2 | हरिनारायण व्यास |
| 3 | टेढ़ी खीर | 3 | कन्हैयालाल प्रभाकर मिश्र |
| 4 | अधिक बोलना | 4 | रूपक अलकार |
| 5 | हरिपद कोमल कमल से | 5 | वाचाल |

प्र. 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य अथवा एक शब्द में दीजिए– (1X5=5 अंक)

अ) नौ दो ग्यारह होना का अर्थ क्या है?
ब) जिस समास में पहला पद संख्यावाची हो उसे क्या कहते है?
स) शल्य चिकित्सा के प्रवर्तक कौन है?
द) गिरिधर द्वारा प्रयुक्त छंद का नाम बताइए?
इ) कामायनी किसकी रचना है ?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**प्र. 6 पारस में कौन सा गुण पाया जाता है ?** **(2 अंक)**

अथवा

स्तुति खण्ड में जायसी ने कितने द्वीपो और भुवनों की चर्चा की है?

**प्र. 7 सखी प्रातः काल किसके द्वार पर जाती है?** **(2 अंक)**

अथवा

ईश्वर ने रोगो को दूर करने के लिए मनुष्य को क्या दिया ?

**प्र. 8 पंजाब केसरी के नाम से कौन प्रसिद्ध है?** **(2 अंक)**

अथवा

कृष्ण द्वैपायन को देश किस नाम से जानता है ?

**प्र. 9 पृथ्वी पर मानव अपने साथ क्या लेकर आया ?** **(2 अंक)**

अथवा

अधबनी धरा पर अभी क्या-क्या बनना शेष है ?

**प्र. 10 कवि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या चाहता है ?** **(2 अंक)**

अथवा

बसंत के आने पर कौन तान भरने लगता है ?

**प्र. 11 ललित कलाओं का स्वभाव कैसा होता है ?** **(2 अंक)**

अथवा

निंदा की प्रवृत्ति से बचने के लिए क्या करना चाहिए ?

**प्र. 12 स्थायी भाव से आप क्या समझते है ? उदाहरण सहित लिखिए–** **(2 अंक)**

अथवा

संचारी भाव क्या है? इनकी संख्या कितनी मानी गई है ?

**प्र. 13 द्वंद समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ? (2 अंक)**

अथवा

तत्पुरूष समास को उदाहरण सहित लिखिए ?

**प्र. 14 स्वामी विवेकानंद से निवेदिता की मुलाकात कब कहाँ कैसे हुई ?** **(2 अंक)**

अथवा

पंचभूत और पंचगव्य मे क्या अंतर है ?

**प्र. 15 अतिश्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?** **(2 अंक)**

अथवा

अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ?

**प्र. 16 महाकाव्य को समझाते हुए किसी एक महाकाव्य का नाम लिखिए।** **(2 अंक)**

अथवा

खण्डकाव्य की परिभाषा देते हुए किसी एक खण्डकाव्य का नाम लिखिए।

**प्र. 17 सन्धि एवं समास में कोई तीन अंतर लिखिए।** **(3 अंक)**

अथवा

संधि की परिभाषा देते हुए इसके भेद लिखिए।

**प्र. 18 निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए।** **(3 अंक)**

अ) मनोभाव ब) परमानंद स) सूर्योदय

अथवा

निम्नलिखित शब्दो का समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

अ) देवकी पुत्र ब) यथाशक्ति स) नीलकमल

**प्र. 19 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए एवं वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **(3 अंक)**

अ) कान का कच्चा होना ब) हाथ पैर मारना स) हिम्मत न हारना

अथवा

निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए एवं वाक्यो म प्रयोग कीजिए–

अ) नाच न जाने आंगन टेढ़ा ब) आम के आम गुठलियों के दाम

स) चोर की दाढ़ी मे तिनका

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com


http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**प्र. 20 भक्ति काल की चार विशेषताएं लिखिए।** **(4 अंक)**

अथवा

रीतिकाल की चार प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

**प्र. 21 कहानी और उपन्यास में चार अंतर लिखिए।** **(4 अंक)**

अथवा

एकांकी और नाटक मे चार अतर लिखिए।

**प्र. 22 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए–** **(4 अंक)**

"कबहूँ ससि माँगत आरि करैं, कबहू प्रतिबिम्ब निहारि डरैं, ।
कबहूँ करताल बजाइकै नाचत, मातु सबै मन मोद भरैं।।
कबहूँ रिसिआई कहैं हठिकैं पुनि लेत सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा, तुलसी मन मंदिर में बिहरैं।।

अथवा

हमारे प्रभु औगुन चित्त न धरौ।
समदरसी है नाम तुम्हारौ, सोई पार करौ।।
एक लोहा पूजा में राखत, इक घर बधिक परौ।
सो दुविधा पारस नही जानत, कचन करत खरौ ।।
इक नदिया एक नार कहावत, मैलौ नीर भरौ।
जब दोऊ मिलि एक बरन भए, सुरसरि नाम परौ।।
तन माया ज्यौ ब्रह्म कहावत, सूर सुमिलि बिगरौ।
कै इनको निरधार कीजिए, कै प्रन जात टरौ।।

**प्र. 23 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।** **(4 अंक)**

"हमने अपनी पिछली पीढ़ी से जो कुछ प्राप्त किया है, वह समूचे अतीत की पूंजीभूत विचार राशि नहीं है। सदा नए परिवेश में कुछ पुरानी बातें छोड दी जाती है। और नई बातें जोड दी जाती है। एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को हूबहू वही नहीं देती, जो अपनी पूर्ववर्ती पीढ़ी से प्राप्त करती है। कुछ न कुछ छँटता रहता है, बदलता रहता है, जुडता रहता है। यह निरंतर चलती रहने वाली प्रकिया ही परंपरा है।"

अथवा http://www.mpboardonline.com

पुराण और लोक में स्मृति जीवी अमरकंटक आज सचमुच एक अनियारे कांटे की तरह ही है–नर्मदा के इस उद्‌गम स्थल के साथ न जाने कितनी कितनी मीठी भेदक – चरफर स्मृतियाँ आज भी इस नुकीले शिखरी मेकल नभ की आभा में दिपदिपादी है।

**प्र. 24 गोस्वामी तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत लिखिए।** **(4 अंक)**

1. दो रचानाएँ
2. भावपक्ष
3. कलापक्ष
4. साहित्य में स्थान

**प्र. 25 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा श्री लाल शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत लिखिए।** **(4 अंक)**

1. दो रचानाएँ
2. भाषा
3. शैली
4. साहित्य मे स्थान

**प्र. 26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(2+2+1=5 अंक)**

मनुष्य का जीवन बहुत सघर्षमय होता है। उसे पग–पग पर कठिनाईयों का सामना करना पडता है। फिर भी ईश्वर के द्वारा जो मनुष्य रूपी वरदान की निर्मिति इस पृथ्वी पर हुई है मानो धरती का रूप बदल गया है। यह ससार कर्म करने वाले मनुष्यों के आधार पर ही टिका हुआ है। देवता भी उनसे ईर्ष्या करते है। मनुष्य अपने कर्म बल के कारण श्रेष्ठ है। धन्य है मनुष्य का जीवन।

**प्रश्न**

1. उपर्युक्त गद्याश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. उपर्युक्त गद्याश का साराश लिखिए।
3. मनुष्य किस कारण श्रेष्ठ माना गया है।

**प्र. 27 वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए–** **(5 अंक)**

अथवा

विद्यालय के प्राचार्य को विद्यालय के बुक–बैंक से पुस्तकें प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र/प्रार्थना पत्र लिखिए।



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**प्र. 28 अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए। (7 अंक)**

1. पर्यावरण प्रदूषण
2. पुस्तकालय का महत्व
3. राष्ट्रीय एकता
4. जल ही जीवन है।
5. साहित्य और समाज

**ब) उपर्युक्त विषयों में से निबंध लिखे गये विषय को छोडकर अन्य किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए। (3 अंक)**

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से
http://www.mpboardonline.com